'स्वावलम्बन पखवाड़े में होने वाली गतिविधियों में आमजन की पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित हो'

- 'जल स्त्रोतों पर पूजन, जागरूकता एवं स्वच्छता गतिविधियों का होगा आयोजन'
- 'जिला मुख्यालय पर जल महल में मनाया जाएगा योग दिवस'



जिला कलेक्टर ने गुरुवार को पंचायत समिति वीसी कक्ष में आयोजि बैठक में जल स्वावलम्बन पखवाड़ा आयोजित करने के निर्देश दिए।

भरतपुर, (निसं)। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मंशा अनुरूप जिले में जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से डीग जिले को स्वस्थ एवं स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है।इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर गंगादशमी का अनूठा संयोग बना है। गंगादशमी की मान्यता को ध्यान में रखते हुए डीग में जल स्वावलम्बन पखवाड़े के माध्यम से वर्षा जल के अधिक संठाहण तथा जल स्त्रोतों के रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया जाएगा।

जिला कलेक्टर ने गुरुवार को पंचायत समिति वीसी कक्ष में आयोजि बैठक में निर्देश दिए कि जल स्वावलम्बन पखवाड़े में आयोजित होने वाली गतिविधियों में आमजन की पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित हो तथा प्रत्येक गांव को इन गतिविधियों में जोड़ा जाएं ताकि यह एक जन आंदोलन का रूप ले सके। उन्होंने बताया कि 5 जून से 20 जून तक जल स्वावलम्बन पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान गंगा दशमी एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक ठाम एवं शहर में समस्त विभागों द्वारा जल स्त्रोतों, नदियों, जल धाराओं एवं तालाबों पर तस्वीरें सांझा करने सहित जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजन को सहभागिता के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने इस दौरान अस्पतालों सहित सरकारी संस्थाओं में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों एवं राजकीय कार्यालयों में तुलसी के पौधे लगाने के निर्देश दिए।

कौशल ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत ठामीण एवं पंचायती राज विभाग को 2.45 लाख पौधे, शिक्षा विभाग को 1.84 लाख, स्वायत्त शासन विभाग को 1.35 लाख सहित सभी विभागों के लक्ष्यों को तय कर के मिशन मोड़ में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए ताकि आगामी मानसून सत्र से पहले ही वृक्षारोपण किया जा सके। कौशल ने कहा कि विश्व भर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। स्वास्थ्य की दृष्टि से योग का बड़ा महत्व है और राज्य सरकार ने योग को आमजन के जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के क्रम में कई निर्णय लिए हैं।

उन्होंने कहा कि डीग जिले में पर्यटन की अपार संभावना है। इसलिए इस वर्ष के योग दिवस के आयोजन को स्थानीय संस्कृति एवं धरोहर से जोड़ते हुए जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल डीग जल महल में योग दिवस मनाया जाएगा। इसके साथ ही, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर भी योगाभ्यास का आयोजन किया जाए। बैठक में उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए भी दिशा-निर्देश प्रदान किए।

रॉयल्टी ठेकेदारों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

रूपवास, (निसं)। खनन क्षेत्र महलपुर चूरा कांटा पर बुधवार से पत्थर कारोवारियों ने धरना शुरू कर दिया। जिसमें क्षेत्र के पत्थर कारोवारियों ने बड़ी तादात पंहुचकर रॉयल्टी ठेकेदारों द्वारा की जा रही अवैध वसूली व सेण्ड स्टोन की ओवरलोडिग पर रोष व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि रॉयल्टी ठेकेदार व उसके कार्मिको, नाकेदारो द्वारा क्षेत्र में जगह-जगह नाका लगाकर नियम विरुद्ध वसूली की जा रही है। वही ट्रकों में सेण्ड स्टोन लादकर चालको को 10 टन से लेकर 20 टन तक के रवन्ना लीजधारकों द्वारा अवैध तरीके से दिये जा रहे हैं। जबकि ट्रकों में 60 से 70 टन तक ओवर लोडिंग पत्थर ले जाया जा रहा है। जिससे राज्य सरकार को राजस्व की भारी हानि हो रही है। वही लीजधारको की मिलीभगत के कारण प्रतिदिन 100 से 150 ट्रक अवैध तरीके से निकाले जा रहे हैं। जबकि रायल्टी ठेकेदारों द्वारा वन-विभाग के क्षेत्र में भी नियम विरुद्ध नाका लगाकर वसूली की जा रही है। जबकि वन क्षेत्र में खनन कार्य करने पर रोक है। लेकिन ठेकेदार के आदमी व नाकेदार वन क्षेत्र से आने वाले अवैध पत्थरो पर भी टोकन व कांटा पर्ची से वसूली कर रहे हैं। जिससे क्षेत्र में अवैध खनन को बढ़ावा मिल रहा है। इसको लेकर क्षेत्रवासियों में रोष है।

सार-समाचार

शिविर में 588 युवाओं का चयन

करौली, (निसं)। जिला रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक मुकेश कुमार ने बताया कि रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान से प्राप्त निर्दे'ानुसार कौ'ाल रोजगार एवं उद्यिमता विभाग करौली के द्वारा बुधवार को जिला मुख्यालय पर पुरानी कलेक्ट्रेट के पास स्थित डाईट के परिसर में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर में का आयोजन किया गया। उन्होने बताया कि 'ाविर मे लगभग 1000 आशार्थीयों ने भाग लिया निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा 588 बेरोजगार युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया साथ ही विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के द्वारा काउन्टर लगाये जाकर युवाओ को उनके द्वारा प्र'ाक्षण कार्यक्रमों स्वरोजगार योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी प्रेमराज मीना सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

पुष्पेंद्र शर्मा का किया अभिनंदन

करौली, (निसं)। शिक्षक संघ अम्बेडकर करौली द्वारा डाइट कार्यालय मे जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय प्रारंभिक शिक्षा पुष्पेंद्र शर्मा का माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थी हित में कार्य करें,विद्यालयों में नामांकन वृद्धि एवं श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए कार्य करे उन्होंने शिक्षकों की विभिन्न कार्यों की कार्यालय स्तर पर पेंडेसी नहीं रहेगी, प्राचार्य शैलेंद्र बागौरिया, प्राचार्य घनश्याम जाटव, जिलाध्यक्ष रूपसिंह मीना, विष्णु मण्डल महामंत्री, अमृत लाल छाबड़ा, टीकाराम महावार, सियाराम जाटव, सुभाष चंद मीना, भीम सिंह जाटव, सुरेश केन, तेजराम मीना, योगेश मीना, गंगाराम प्रजापत,कमल माली, भगवान लाल शर्मा, राधारमन शर्मा, गोकुल मीना आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा संघ के पदाधिकारीयो ने एडीपीसी संमसा सर्वेश कुमार गुप्ता का कार्य ठाहण करने पर शिक्षक संघ अम्बेडकर ने माला साफा पहनाकर सम्मानित किया।

शिविर में गुर सीख रहे विद्यार्थी

करौली, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ करौली के तत्वाधान में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 6 शिकारगंज करौली में आयोजित ठीष्मकालीन अभिरुचि एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर में बालक बालिकाएं विभिन्न प्रकार के विषयों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिसमें चित्रकला, पेपर क्राफ्ट, सिलाई, ब्यूटीशियन, नृत्य एवं मेहंदी आदि शामिल हैं। बालक बालिकाओं को स्काउटिंग के साथ किताब पठन, कहानी सुनाना, छोटे छोटे मनोरंजक खेल, योग व्यायाम की गतिविधियां प्रार्थना सत्र में आयोजित की जा रही हैं। शिविर प्रभारी एव सचिव स्थानीय संघ करौली मुकेश सारस्वत ने बताया कि बालक बालिकाओं के ग्रीष्म अवकाशों का सदुपयोग करने हेतु शिवरों का आयोजन किया जा रहा है ताकि बच्चे समय का सदुपयोग कर सके एवं विभिन्न कलाओं में निपुण हो सके।शिविर में रेखा माली सिलाई, कन्या देवी ब्यूटीशियन,ज्योति, मेंहदी,पूनम प्रजापत नृत्य एवं कुसुमलता द्वारा मेंहदी और चित्रकला का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अभिरुचि शिविर में बालिकाएं एवं महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।व्यवस्थाओं में सहयोग कयामुद्दीन,मुखराज मीणा, प्रभुदयाल,गवर्नर सिंह द्वारा किया जा रहा है।

भुवनेश्वरी माध्यमिक स्कूल बना सिरमौर

करौली, (निसं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के घोषित हुए परिणाम में यहां के विवेक विहार स्थित भुवनेश्वरी माध्यमिक विद्यालय फिर से सिरमौर बना जिसमें अध्यनरत छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय में परिवार का सम्मान बढ़ाया। 10वीं बोर्ड के आये परीक्षा परिणाम मे विद्यालय कि छात्रा आस्था जादौन ने 98.83 प्रतिशत, रौनक गुर्जर ने 95.67 प्रतिशत, अनुराग सिंह ने 92.83: इसी प्रकार साधना अठावाल ने 92: प्रति'ात अंक प्राप्त कर परिवार जन और विद्यालय प्रबंधन का नाम रोशन किया अच्छे अंक प्राप्त करने पर छात्र-छात्राओं के परिवारजन और विद्यालय प्रबंधन ने मिठाइयां बॉटकर खुशी का इजहार किया वहीं छात्र-छात्राओं का विद्यालय प्रबंधन के नरसी शर्मा, सियाराम गुर्जर ने पुष्प माला पहना कर सम्मान किया।

तेज हवाओं से मिली ठंडक

करौली, (निसं)। जिले में गुरुवार को श्री महावीरजी, करौली, हिंडौन और नादौती क्षेत्रों में तेज हवाओं और आंधी के साथ बारिश हुई जिससे लोगो ने राहत कि सांस ली। करौली जिले में गुरुवार को श्री महावीरजी, करौली, हिंडौन और नादौती क्षेत्रों में तेज हवाओं और आंधी के साथ बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। श्री महावीरजी क्षेत्र में तेज हवाओं के कारण एक पाटौर पोश मकान की पट्टियां गिर गईं। इस हादसे में मुस्लिम मोहल्ला अकबरपुर निवासी मुफीद का 8वर्षीय बेटा अंजला घायल हो गया। घायल बच्चे को श्री महावीरजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके सिर और कंधे पर टांके लगाए गए हैं और उपचार जारी है। नादौती और गुढ़ाचंद्रजी क्षेत्र में धूल भरी आंधी से जनजीवन प्रभावित हुआ। आसमान में धूल का गुबार छा गया और दृश्यता कम हो गई। हिंडौन सिटी में भी तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर टीन शेड उड़ गए। प्रशासन मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। पिछले कुछ दिनों से बढ़ते तापमान से परेशान लोगों को इस बारिश से राहत मिली है।

12 फलों के नमूने लैब भेजे

गंगापुर सिटी, (निसं)। गंगापुर सिटी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत कार्रवाई की। अधिकारियों ने कोल्ड स्टोरेज और फल गोदामों का निरीक्षण किया। मौके पर फलों को पकाने में इस्तेमाल होने वाले रसायनों की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश पूर्विया और नितेश गौतम ने रीको इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित लक्ष्मी बनाना कोल्ड स्टोरेज का दौरा किया। साथ ही गोला फ्रूट कंपनी, उस्मानी फ्रूट कंपनी और रमजानी फ्रूट कंपनी का निरीक्षण किया। टीम ने केले, आम, अंगूर, संतरा, पपीता, तरबूज और अनार समेत 12 फलों के नमूने लिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि प्रतिबंधित रसायनों के उपयोग पर कडी कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं को केवल लाइसेंसधारी विक्रेताओं से फल-सब्जियां खरीदने की सलाह दी गई है।

सार-समाचार

विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया

गंगापुर सिटी, (निसं)। हाल ही में जारी 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में गंगापुर सिटी के श्री निवास मिल स्थित विवेकानन्द संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हर साल, लगातार विद्यालय अभिभावकों के विश्वास पर खरा उतरता रहा है। जारी हुए 10०वीं के परिणाम को बहुत ही धूम-धाम के साथ मनाया गया। टॉपर्स विद्यार्थियों के घर और गाँव में जाकर विद्यालय स्टाफ द्वारा खूब आतिशबाजी की गई। उसके बाद टॉपर्स को माला, साफा पहनाकर और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत और सम्मान किया गया। वहीं टॉपर्स के माता-पिता का भी सम्मान किया गया। जारी परिणाम में विद्यालय के अभिषेक वर्मा पुत्र सुरेश चन्द्र ने 96.67 प्रतिशत और सचिन कुमार पुत्र गिरधारी ने भी 96.67 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं छात्रा रागिनी चौधरी ने 94.33 प्रतिशत अंक, आयुशी राज ने 94.17 प्रतिशत, छात्र आर्यन कुमार ने 94 प्रतिशत अंक, मोहित गुप्ता ने 93.83 प्रतिशत, चेतराम प्रजापत ने 93.5० प्रतिशत, छात्रा मोहिनी शाक्यवार ने 93.5० प्रतिशत, यशश्वी सिंह ने 93.5० प्रतिशत, गुनगुन ने 93.33 प्रतिशत, लक्षिता कुमारी ने 93.33 प्रतिशत, छवि शर्मा ने 93 प्रतिशत, सोनम कुमारी सैन ने 92.67 प्रतिशत, छात्र नितिन अग्रवाल ने 92.5० प्रतिशत, आकाश मीना ने 91.67 प्रतिशत और प्रिंस नाहरवाल ने भी 91.67 प्रतिशत, मोक्ष उपाध्याय ने 91.5० प्रतिशत, छात्रा प्रकृति प्रजापति ने 91.33 प्रतिशत, अभिषेक मीना ने 9०.17 प्रतिशत और पार्थ शर्मा ने 9० प्रतिशत अंक हासिल कर अपने विद्यालय और परिवार को गौरान्वित किया है। सभी अध्यापकों ने टॉपर्स को खूब सारी शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय सिन्हा ने कहा कि जो विद्यार्थी अपने अध्यापकों पर और परिवारजनों पर पूर्ण विश्वाश रखता है, वो अपने जीवन में हमेशा स्थायी तरक्की को प्राप्त करता है। विद्यालय के बेअन्त सिंह चौधरी ने कहा कि चाहे से 12वीं साइंस या कॉमर्स का रिजल्ट रहा हो या दसवीं का, प्रत्येक रिजल्ट में विवेकानन्द संस्कार स्कूल ने अपने आपको सर्वश्रेष्ठ सिद्ध किया है। भविष्य में भी विद्यालय अपने आदर्श वाक्य शिक्षा भी, संस्कार भी और सफलता भी पर हमेशा खरा उतरता रहेगा।

नगरपरिषद ने लाभार्थियो को बांटे पट्टे

करौली, (निसं)। करौली नगर परिषद ने पंचायत समिति सभागार में विशेष पट्टा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान 100 से अधिक लोगों को मोके पर बुलाकर आवासीय पट्टें दिए गए। गुरूवार को आयोजित पट्टा वितरण कैंप के दौरान करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर,नगर परिषद सभापति डॉ.राजरानी शर्मा और उपजिला कलेक्टर एवं कार्यवाहक आयुक्त प्रेमराज मीना मौजूद रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांठोस शासन में ढाई साल तक लोगों को पट्टों के लिए परेशान होना पड़ा और लोग कार्यालयो के चक्कर लगाते लगाते थक गये थे लेकिन प्रदे'ा मे भजन लाल कि सरकार बनते ही आमजन के काम होने लगे है करौली मे भाजपा की सभापति डॉ. राजरानी शर्मा के कार्यकाल में पट्टें तेजी से बन रहे हैं। और लोगों को फोन कर बुलाया जा रहा है और सम्मान के साथ उन्हे पट्टें दिए जा रहे हैं। सभापति डॉ. राजरानी शर्मा ने बताया कि कार्यवाहक आयुक्त प्रेमराज मीना और टीम के सहयोग से कम समय में सैकड़ों लंबित पट्टों का निस्तारण किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद शहरवासियों की समस्याओं का जल्द समाधान करेगी। उपजिला कलेक्टर प्रेमराज मीना ने बताया कि पट्टा वितरण के दौरान करीब 100 लोगो को पट्टें वितरण किये गये है और भी अगर कोई रहे गया होगा तो उन्हे भी नियमानुसार कार्यवाही कर पट्टे जारी किये जायेंगे।

प्रताप जयंती पर निकाली वाहन रैली

गंगापुर सिटी, (निसं)। गंगापुर सिटी में महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई। श्री सिसोदिया राजपूत खारवाल महासभा समिति दौलतपुर ने इस अवसर पर वाहन रैली का आयोजन किया। सुबह 11 बजे नई अनाज मंडी उदेई मोड प्रांगण में समाज के लोग एकत्रित हुए। महाराणा प्रताप की प्रतिमा को रथ में स्थापित किया गया। हजारों लोगों ने केसरिया झंडे लेकर प्रताप के जयकारे लगाए। रैली का मार्ग नई अनाज मंडी से शुरू होकर उदेई मोड, फव्वारा चौक, कचहरी रोड, नेहरू पार्क, खारी बाजार, बालाजी चौक, कैलाश टॉकीज और ट्रक यूनियन से होते हुए 1०8 फुटीय हनुमानजी गौशाला दौलतपुर तक रहा। रैली में शामिल लोग डीजे पर भजन और गीतों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। विभिन्न स्थानों पर संगठनों ने रैली का स्वागत किया। पल्लेदार यूनियन, भारत विकास परिषद, विश्व हिंदू परिषद और जियापुर के ग्रामीणों ने शरबत पिलाकर स्वागत किया। कार्यऋम में पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर, सभापति शिवरतन अग्रवाल और प्रधान मंजू गुर्जर सहित समाज के सैकडों लोग शामिल हुए। होटल नरूका प्राइड में भी महाराणा प्रताप जयंती का आयोजन किया गया। कार्यऋम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपक सिंह नरूका ने की। मुख्य अतिथि राजपाल सिंह पिचानौत और विशिष्ट अतिथि शिम्भूसिंह जादौन व गोविंद सिंह रहे।

स्वराज एक्सप्रेस में युवक की तबीयत बिगड़ी

गंगापुर सिटी, (निसं)। स्वराज एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक युवक की अचानक तबीयत बिगडने से मौत हो गई। मृतक की पहचान पंजाब के बंदे खुर्द निवासी 24 वर्षीय गुरुपीत के रूप में हुई। वह ट्रेन के कोच नंबर एस-3 में सफर कर रहा था। बयाना और हिण्डौन के बीच गुरुपीत की तबीयत बिगडी। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। कोच में मौजूद यात्रियों ने टीटी को सूचना दी। ट्रेन का गंगापुरसिटी स्टेशन पर नियमित ठहराव नहीं था। सूचना मिलने पर ट्रेन को विशेष रूप से गंगापुरसिटी स्टेशन पर रोका गया। गंगापुरसिटी जीआरपी थाना पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोचरी में भेजा। जीआरपी थाने के एसआई घनश्याम सिंह के अनुसार, मृतक के पास कोई टिकट नहीं मिला। उसके पास से केवल एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। मोबाइल से संपर्क कर परिजनों तक पहुंचा गया। गुरुवार सुबह मृतक के परिजन गंगापुर सिटी पहुंचे। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पीआरओ धर्मेंद्र कुमार मीणा प्रसार के उपाध्यक्ष क्षेत्रीय निर्वाचित

करौली, (निसं)। करौली जिले के सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक धर्मेंद्र कुमार मीणा राज्य स्तर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पब्लिक रिलेशंस एवं एलाइड सर्विस एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (प्रसार) के उपाध्यक्ष क्षेत्रीय निर्विरोध निर्वाचित किए गए।

प्रसार के निर्वाचन अधिकारी आलोक आनंद उपनिदेशक मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मोहित जैन सहायक जनसंपर्क अधिकारी मुख्यालय ने बताया कि प्रसार के चुनाव में बीकानेर के सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के उपनिदेशक हरिशंकर आचार्य अध्यक्ष पद पर,मुख्यालय पर पदस्थापित उपनिदेशक अजय कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष,करौली के सहायक निदेशक धर्मेंद्र मीणा उपाध्यक्ष क्षेत्रीय,सहायक जनसंपर्क अधिकारी चंद्रशेखर पारीक उपाध्यक्ष मुख्यालय,बाड़मेर के सहायक जनसंपर्क अधिकारी अभय सिंह महासचिव, मुख्यालय से सहायक जनसंपर्क अधिकारी अंजलिका पंवार संयुक्त सचिव के पद पर निर्वाचित किए गए हैं। धर्मेंद्र मीणा ने बताया कि नवनिर्वाचित प्रसार के अध्यक्ष के नेतृत्व में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी द्वारा कैडर के अधिकारियों के हित में विभिन्न कार्य किए जाएंगे। जिनमें जनसम्पर्क सेवा में पदोन्नित की दीर्घकालिक सम्भावनाओं को सुनिश्चित करने के लिए दूरदर्शी सोच के साथ के तहत वरिष्ठम से लेकर अन्तिम पंक्ति तक के अधिकारियों की पदोन्नित की सम्भावनाओं के बोटलनेक संरचना में सुधार करते हुए पिरामिड संरचना में पदोन्नित के अवसर सुनिश्चित करने की संभावनाओं पर कार्य करना, निदेशक,अतिरिक्त निदेशक सोशल मीडिया एवं निदेशक, अतिरिक्त निदेशक इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पद सृजन के लिए प्रस्ताव पर कार्य करना। जिला न्यायालय, विधिक सेवा प्राधिकरण में पीआरओ के पद सृजित करवाने,पुलिस आयुक्तालय,आईजी कार्यालय एवं जिलों में पुलिस अधीक्षक कार्यालयों में पीआरओ के पद सृजित करवाने के लिए प्रस्ताव तैयार करवाया जाकर संबन्धित विभाग के माध्यम से सक्षम स्तर को भिजवा कर जनसम्पर्क कैडर के विस्तार के लिए प्रयास करनाद्यधोलपुर, करौली आदि डांग क्षेत्र, बांसवाड़ा, डुंगरपुर, सिरोही, प्रतापगढ़, बारा आदि टीएसपी क्षेत्र, रेगिस्तानी एवं सीमावर्ती इलाकों अंतराष्ट्रीय के जनसम्पर्क अधिकारियों के लिए कठिन कर्तव्य भत्ता की संभावनाओं पर कार्य करना जिला कार्यालयों में विभिन्न संवर्गों के रिक्त पदों पर कार्मिकों की सक्षम स्तर से नियुक्ति के लिए प्रयास करना। एपीआरओ,पीआरओ, एडी की ठोड पे में विसंगति के सुधार के लिए सक्षम स्तर से समन्वय बिठाना।

जिलों में कार्यरत पीआरओ, एपीआरओ के लिए टेलीफोन भत्ता शुरू करवाये जाने के लिए प्रयास करना। जिलों में छायाकर के लिए संविदा अथवा राजकीय पदों के सृजन के लिए प्रयास करना। साथ ही इंटरनेट कनेक्शन के साथ उच्च क्षमता के स्मार्टफोन, आईपैड, लैपटाप उपलब्ध करवाने के लिए प्रयास करना। ब्लॉक स्तर पर सहायक जनसम्पर्क अधिकारी कार्यालय स्थापित करवाने के लिए प्रस्ताव तैयार करवाया जाकर संबन्धित विभाग के माध्यम से सक्षम स्तर को भिजवाया जाकर जनसम्पर्क कैडर के ब्लॉक स्तर पर विस्तार का मार्ग प्रशस्त करना समय-समय पर कैडर हित में दिये सुझाव एवं प्रस्तावित कार्यों पर विचार विमर्श कर आगे बढ़ाना प्रसार के उपाध्यक्ष क्षेत्रीय पद पर निर्वाचन में कैम्पेनिंग के लिए सहायक निदेशक ने सहायक जनसंपर्क अधिकारी दीपक चक्रवर्ती, वरिष्ठ सहायक सोनू जांगिड़, शिम्बु एवं तोसीम सहित सुजस कार्यालय करौली की टीम का आभार व्यक्त किया और टीम ने उन्हें शुभकामनाएं अर्पित की। मीडिया के साथियों ने भी इस अवसर पर शुभकामनाएं व्यक्त की।

पीले चावल बांटे

रूपवास, (निसं)। कस्बे में राजपूत समाज द्वारा 1 जून को आयोजित महाराणा प्रताप जयंती पर शोभायात्रा की तैयारियां शुरू कर दी है। मंगलवार को राजपूत समाज के पदाधिकारियों ने गांव निभेरा, खेड़ा ठाकुर,बरोदा, रूपबास, मैरथा, मिलस्वा, इन्नाहिमपुर, शक्करपुर, चैकोरा में जाकर समाज के लोगों को पीले चावल देकर हिंदू सम्राट महाराणा प्रताप की शोभायात्रा में अधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया। जिस पर राजपूत समाज के लोगों ने अधिक संख्या में भाग लेने का आश्वासन दिया।

पदाधिकारियों ने बताया कि महाराणा प्रताप की जयंती पर कस्बा रुदावल में 1 जून को सुबह 11 बजे से महाराणा प्रताप की शोभायात्रा एवं विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। शोभायात्रा व वाहन रैली हनुमान मंदिर गेट रुदावल से शुरू होगीं

वरिष्ठ नागरिक कल्याण व सशक्तिकरण पर कार्यशाला

करौली, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशन में वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण के लिए मंगलवार को जिला मुख्यालय पर नि:शब्द आवासीय विशेष विद्यालय के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

जिला प्रशासन व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संपन्न कार्यशाला के मुख्य अतिथि जिला परिषद के सीईओ शिवचरण मीना ने अपने उद्बोधन में कहा कि वृद्धजनों ने सबका ध्यान रखा अब उन्हें स्वयं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना चाहिए आयुर्वेद विभाग के योग चिकित्सक एवं प्रशिक्षक ने कहा कि वरिष्ठ जनों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित योग का अभ्यास करना चाहिए उन्होंने प्राणायाम एवं योग का प्रत्यक्ष प्रदर्शन करते हुए विभिन्न बीमारियों से बचाव की जानकारी दी मनोचिकित्सक डा0 प्रेमराज मीना ने कहा कि अधिकांश वृद्ध अवसाद के शिकार हो रहे है ,उनको पारिवारिक संबल नहीं मिल रहा है स पोषण परामर्शदाता एवं चिकित्साधिकारी डॉ महेंद्र मीणा ने वृद्धो को आम बीमारियों से बचाव के उपाय बताये उन्होंने मधुमेह, रक्तचाप एवं उदर रोगों से निजात के लिए नियमित जांच कराने का सुझाव दिया परिवीक्षा अधिकारी पवन गुप्ता ने विभाग द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी दी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमाना राम ने वृद्धों पर होने वाले आपराधिक मामलों में पुलिस का सहयोग लेने की बात कही उन्होंने उपस्थित वृद्धो से व्यक्तिगत समस्याएं सुनकर उनके समाधान बताये साथ ही एकल वृद्धों की सुरक्षा के लिए सर्वेक्षण करके उनकी सुरक्षा करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का विश्वास दिलाया वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि वेणुगोपाल शर्मा ने सामाजिक जुड़ाव में आ रही कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए, समय प्रबंधन पर जोर दिया।

नि:शुल्क ओपन शतरंज शतरंज प्रतियोगिता आयोजित

भरतपुर में नि:शुल्क ओपन शतरंज शतरंज प्रतियोगिता का आयोजित किया गया।

भरतपुर, (निस)। शतरंज खेल प्रेमी दिवगंत महेश दत्त पाराशर सेवानिवृत शाखा प्रवन्धक कॉपरेटिव बैंक की स्मृति में प्रथम पुण्यतिथि पर नि:शुल्क ओपन शतरंज शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन फ्यूचर पॉइंट इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, जयंती नगर, भरतपुर पर किया गया।

इस शह मात के खेल में प्रथम पुरुस्कार पर्व अठावाल दुतीय पुरस्कार दुष्यंत चौहान तृतीय पुरुस्कार हर्ष शर्मा ने अपने नाम किया सभी को माला पटका प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया आयोजक शिक्षीविद पवन पाराशर ने कहा कि यह प्रतियोगिता शतरंज के प्रति उनके प्रेम और ज्ञान को सम्मान देने के उदेश्य से आयोजित की गयी है शतरंज खेल के प्रति उनका विशेष लगाव था उनके निर्देशन में प्रति वर्ष नि:शुल्क शतरंज शिविर का आयोजन किया जाता था अपनी अंतिम यात्रा से 5 दिन पूर्व आयोजित शतरंज शिविर के गवाह बने थे अपने जीवन काल में शतरंज खेल को जीवन का हिस्सा बनाने के कारण अंतिम समय तक स्मरण शक्ति कायम रही मृत्यु से दो दिन पूर्व भी शतरंज खेल के बिखरे मोहरो को व्यवस्थित रखवाया भविष्य में भी जनमानस के बीच शतरंज खेल को जीवित रखने के लिए विशेष अवसरों पर शतरंज खेल का आयोजन कराते रहेंगे

इस अवसर पर विशेष सहयोग अर्जुन शर्मा और धैर्य मूलचंदानी का रहा और मोक्ष चांदना, हर्षित चाँदना, मधुसुदन शर्मा, तान्या शर्मा, छवी सिंघल, अर्थ बंसल, क्षमा चौधरी, सानिया खान, हिमांशु कुमारी ,भावना कुंतल, काजल शर्मा, अर्जुन शर्मा, दर्शील शर्मा, दुष्यन्त चौहन, पूजा कुंतल, लावण्यां शर्मा, दिव्या सिंह, मानवी सिंह,गोरी शर्मा, सोनम सिंह, भावना सिंह, शवनम सिंह, सारिका कुमारी, ओमदत्त कटारा, शिवांश पाराशर, मोहित सिंह, आकाश शर्मा आदि गवाह बने साथ ही सभी आगुन्तको का आभार संस्था कोर्डिनेटर कमलेश पाराशर ने जताया

पश्चिम मध्य रेल

ई निविदा सूचना – सिविल इंजीनियरिंग

संख्या डब्ल्यू/623/15 दिनांक 27.05.2025

भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है। **टेण्डर संख्या– 108/2025, कार्य का विवरण–** माड़र्नजैशन एण्ड़ अप-कीपिंग ऑफ सेफ्टी रिलेटेड़ सिग्नलिंग गियरस एण्ड़ इलेक्ट्रोनिक्स आइटम्स इन प्रपोज्ड़ स्टोर रूम एट एस एण्ड टी डिपो इन सिनियर ड़ीईएन (ईस्ट) सेक्शन (04) नं., **अनुमानित लागत–** 21044709.52, **बयाना राशि–** 255200.00, **टेण्डर संख्या– 110/2025, कार्य का विवरण–** कोटा डिवीजनः प्रोविजन ऑफ इएल एण्ड़ आरईपीएल ऑफ इनड़ोर सिग्नलिंग गियरस ऑन एज-कम कंडिशन बेसिस फॉर इन्शुरिंग सेफ्टी ऑफ ट्रेनस एट गुरूला नार्थ एण्ड़ गुरूला स्टेशन, **अनुमानित लागत–** 4068482.20, **बयाना राशि–** 81400.00, **टेण्डर संख्या– 111/2025 आर, कार्य का विवरण–** कोटा डिवीजन एक्सटेंन्सन ऑफ इग्जिस्टिंग प्रोटेक्टिंव स्क्रीन ऑफ वेरियस आरओवीज इन इनटाइर कोटा डिवीजन (टोटल = 33 नं.) **अनुमानित लागत–** 16380476.68, **बयाना राशि–** 231900.00, **टेण्डर संख्या– 112/2025, कार्य का विवरण–** एड़ीईएन भरतपुर सेक्शन – टीएसआर (पी)– 48.486 कि.मी. वाय पीक्यूआरएस विद कॉन्ट्रैक्टरस पोर्टल 46.243 किमी एंड मेन्युअल 2.243 कि.मी. इनकुलिंडिंग सबसाइडरी वर्क विद बीसीएम., **अनुमानित लागत–** 135248398.22, **बयाना राशि–** 826300.00, **टेण्डर संख्या– 113/2025, कार्य का विवरण–** माड़र्नजैशन ए